**लोकसभा-यशवंत वर्मा**

**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। इस वर्ष मार्च में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के नई दिल्ली स्थित निवास से बड़ी मात्रा में जली हुई नकदी बरामद की गई थी। लोकसभा में आज अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के लिए 146 सांसदों से मिले नोटिसों को स्वीकार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस तीन सदस्यीय समिति में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनिंदर मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बी. वी. आचार्य शामिल होंगे।**

**लोकसभा स्थगित**

**विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी दलों के हंगामें के बाद लोकसभा की कार्यवाही आज दोपहर तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। लोकसभा की कार्यवाही जब सुबह 11 बजे शुरू हुई तो विपक्षी दलों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का मुद्दा उठाया और इसपर चर्चा की मांग की। इसके बाद अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरु होने पर भी शोर-शराबा जारी रहा इसके बाद कार्यवाही तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।**

**हर घर तिरंगा**

**प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। आज रीवा में तिरंगा साइकिल रैली आयोजित की गई । इसमें 500 से अधिक साइकिल सवार ने भागीदारी निभाई। रैली का नेतृत्व रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने किया। बैतूल में भी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया इसमें देशभक्ति गीतों के साथ बड़ी संख्या में आम लोगों ने हिस्सा लिया। इसमें आमला, मुलताई और घोड़ाडोंगरी के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत इंदौर में कल वाहन रैली निकाली जायेगी। अभियान के तहत इंदौर पुलिस द्वारा इस रैली का आयोजन किया जाएगा। इसमें पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों सहित 500 से ज्यादा पुलिस कर्मियों व नगर सुरक्षा समिति सदस्य शामिल होंगे।**

**मौसम**

**प्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने आज छतरपुर, सतना, पन्ना, रीवा सहित 11 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। वहीं कल से बंगाल की खाड़ी से कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय हो रहा है। जिसका असर भोपाल, इंदौर और उज्जैन संभाग में भी दिखाई देगा। इस वजह से 15 अगस्त से लगातार तेज बारिश होने का अनुमान है। कल छतरपुर जिले के नौगांव में 2.3 इंच बारिश हो गई। दतिया, ग्वालियर, पचमढ़ी, दमोह, खजुराहो, सतना, सिवनी समेत कई जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई। प्रदेश में तब से अब तक औसत 29.5 इंच बारिश हो चुकी है।**

## विश्व खेल

चीन के चेंगदू में विश्व खेल में वुशु में भारत की नम्रता बत्रा ने फाइनल में पहुँचकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने भारत का वुशु में विश्व खेलों में पहला पदक पक्का कर दिया है। नम्रता आज महिलाओं की 52 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में चीन की मेंग्यू चेन से खेलेंगी।

## समाचार संक्षेप में .....

- जबलपुर से 40 किलोमीटर दूर खितौला इलाके में कल हथियारबंद बदमाशों ने इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में लगभग 15 करोड़ रुपए कीमत का सोना और 5 लाख रुपए से अधिक की नकदी की लूट की है। पुलिस ने जिले में नाकाबंदी कर जांच शुरु कर दी है।
- नर्मदापुरम में एचआईवी-एड्स से बचाव और नियंत्रण के लिए आज से सघन जागरूकता अभियान की शुरुआत हुई। 12 अक्टूबर तक दो माह चलने वाले इस अभियान के तहत युवाओं और आमजन को विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से एचआईवी और एड्स की रोकथाम के संबंध में जानकारी दी जाएगी।
- खंडवा कलेक्टर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में प्लास्टर ऑफ पेरिस से मूर्तियों के निर्माण पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है ।
- बैतूल में सरदार विष्णु सिंह गोंड की याद में आदिवासी समाज ने महारैली का आयोजन किया।
- खंडवा में "मिशन अमृत संचय" के तहत गठित पंधाना विकासखंड के विभिन्न ग्रामों के लिए गठित जल समितियों के सदस्यों को पंधाना के कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित कार्यशाला में कल प्रशिक्षित किया गया।

------------------------------------